लोक सभा अध्यक्ष ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी

नई दिल्ली; 14 अगस्त, 2022: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने 75वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है।

अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा है:

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस तथा देश की आजादी के 75 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

देश की आजादी हमें एक लंबे संघर्ष के बाद मिली। इस स्वतंत्रता के लिए हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों ने अनेक पीड़ाएं सहीं और सर्वोच्च बलिदान दिया। स्वतंत्रता मिलने के बाद देशवासियों में देश को नई ऊंचाइयां पर ले जाने का नवीन संकल्प था।

इसी संकल्प ने आजादी के बाद इन 75 वर्षों की विकास यात्रा को भी ऐतिहासिक बनाया। करोड़ों देशवासियों ने सामूहिकता के साथ "देशहित-सर्वपरि" की भावना से अपनी ऊर्जा को देश के प्रति समर्पित किया।

इस यात्रा के दौरान हमने न सिर्फ अनगिनत उपलब्धियां हासिल कीं बल्कि भारत तथा विश्व के अन्य देशों में लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत किया।

यह स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए बेहद विशेष है। इस वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए हम उस अमृतकाल में प्रवेश कर रहे हैं जहां आने वाले 25 वर्ष देश के लिए और भी अधिक महत्वपूर्ण हैं। यह समय है जब हम अमर शहीदों को नमन करते हुए अपनी अभूतपूर्व ऊर्जा और संकल्पशक्ति के साथ स्वयं को भारत की उन्नति और प्रगति को समर्पित करें तथा अपने कर्तव्यों का शुद्ध अन्तःकरण से निर्वहन करते हुए आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण में सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।